हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 दिसंबर, 2025

11 गांवों में नशामुक्ति टीम का डोर टू-डोर सर्वे, 25...



12 ऑनलाइन तबादला नीति के विरोध में तीन घंटे...



## खबर संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न मामले में आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने दहेज उत्पीडन व मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को काबू किया है। महिला थाना फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि परिवादिया की शिकायत पर थाना महिला फतेहाबाद में 12 नवंबर को मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पहले एक आरोपी को काबू किया जा चुका था। इसी क्रम में पुलिस ने सुखचैन पुत्र प्रकाश, निवासी गांव निकवाना, तहसील रतिया, फतेहाबाद को काबू किया है।

### युवक की मौत मामले में आरोपी चालक पकड़ा

**फतेहाबाद।** सिरसा रोड पर एक रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत होने के मामले में पुलिस ने आरोपी बस चलक को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार चालक की पहचान जगमेदार सिंह पुत्र जग्गर राम, निवासी गांव सुरेवाला, जिला हिसार के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 11 दिसंबर को नई अनाज मंडी, सिरसा रोड फतेहाबाद के गेट के सामने एक सडक़ दुर्घटना हुई थी। इस दुर्घटना में रोडवेज की बस की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार पवन कुमार निवासी बनावली सोतर, जिला फतेहाबाद गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी नागरिक अस्पताल में मृत्यु हो गई।

### चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़ा दबोचा

**सिरसा।** पुलिस ने चेक बाउंस मामले में वांछित भगोड़े आरोपी को सिरसा क्षेत्र से काबू किया है। पीओ स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर जनकराज ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपियों को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नहीं आया। आरोपी सुशील को 9 मार्च 2024 को पीओ घोषित किया था। पीओ स्टाफ की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सुशील पुत्र नरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

### हेरोइन सहित बाइक सवार युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान सुरतिया रोड रोडी क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार युवक को 10 ग्राम 14 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सुरतिया की ओर से बाइक पर सवार एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक बाइक मोडक़र भागने लगा। पुलिस ने तलाशी ली तो उसके कब्जा से 10 ग्राम 14 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र श्रवण सिंह निवासी चीमेवाली गली वार्ड नंबर 4 सरदुलगढ़ पंजाब के रूप में हुई है।

### बुलेट का साइलेंसर बदला, वाहन इम्पाउंड



**फतेहाबाद।** ट्रैफिक पुलिस फतेहाबाद द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस संबंध में ट्रैफिक थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह ने बताया कि भट्टू रोड, फतेहाबाद पर चेकिंग के दौरान एक बुलेट मोटरसाइकिल चालक को रोका गया। जांच के दौरान पाया गया कि मोटरसाइकिल में अवैध रूप से साइलेंसर बदला हुआ था, जिससे पटाखा जैसी तेज आवाज हो रही थी। इसके अतिरिक्त चालक के पास वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी मौजूद नहीं थे।

## सांसद खेल महोत्सव का समापन 25 को

# पीएम नरेंद्र मोदी समापन समारोह को ऑनलाइन करेंगे संबोधित, 2036 ओलंपिक की तैयारी में सांसद खेल महोत्सव बनेगा मजबूत मंच: बराला

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद/टोहाना

सांसद खेल महोत्सव का समापन 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर गांव समैन के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खिलाडिय़ों को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करेंगे। यह जानकारी राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मंगलवार को किसान विश्राम गृह, टोहाना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त से सांसद खेल महोत्सव के लिए पंजीकरण शुरू किया गया था, जिसमें सिरसा लोकसभा क्षेत्र के करीब 45 हजार युवाओं ने विभिन्न खेलों के लिए पंजीकरण करवाया है। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में शुरू किया गया सांसद खेल महोत्सव युवाओं के लिए एक नई दिशा और नया भविष्य गढऩे का माध्यम बन रहा है। बराला ने कहा कि भारत 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दिशा में अग्रसर है और सांसद खेल महोत्सव जैसे आयोजन भावी ओलंपिक खिलाडिय़ों को तैयार करने की मजबूत नींव रख रहे हैं।

### राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने दी जानकारी

**दमकौरा स्टेडियम से हुई शुरुआत, 30 स्टेडियमों तक पहुंचा खेल महोत्सव**

सांसद बराला ने बताया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र के खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत 21 सितंबर को टोहाना के दमकौरा स्टेडियम से हुई। इसके बाद ब्लॉक, विधानसभा और लोकसभा स्तर पर चरणबद्ध ढंग से प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विधानसभा स्तर की प्रतियोगिताओं में विजेता खिलाड़ी 13 दिसंबर को एमएम कॉलेज फतेहाबाद के मैदान में आयोजित लोकसभा स्तरीय ग्रैंड फिनाले में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खिलाडिय़ों का उत्साहवर्धन किया। लोकसभा स्तर पर विभिन्न खेलों में कुल 3604 खिलाडिय़ों ने भाग लिया।



टोहाना में पत्रकारों से बातचीत करते सांसद सुभाष बराला।

### लोकसभा स्तर पर 71 हजार तक का पुरस्कार, खिलाड़ियों को किया सम्मानित

सांसद बराला ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित खेल में लोकसभा स्तर पर विजेता टीम को 71 हजार रुपये तथा उपविजेता टीम को 41 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया है। बॉक्सिंग और एथलेटिक्स में विजेता खिलाडिय़ों को प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय को 7100 और तृतीय को 3100 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया है।

### कबड्डी से बॉक्सिंग तक, 1500 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

सांसद ने बताया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र की 9 विधानसभा क्षेत्रों में करीब 1500 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें कबड्डी, फुटबॉल, खो-खो, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, बॉक्सिंग तथा एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाएं शामिल रहीं। सिरसा लोकसभा क्षेत्र के 30 स्टेडियमों में खेल महोत्सव का आयोजन किया गया और खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए सांसद निधि से ग्रांट भी दी गई है। दमकौरा स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक सहित सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जहां अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी अभ्यास कर रहे हैं। जिला फतेहाबाद में खेलो इंडिया सेंटर को भी सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है और दमकौरा स्टेडियम में सभी आवश्यक सुविधाएं होने के कारण यही सेंटर स्थापित किया जाएगा।

## वार्ड-3 में रात डेढ़ बजे पथराव की घटना से दहशत

# जामा मस्जिद के मौलवी और बेटे के घर के सामने की पत्थरबाजी

*मकान का दरवाजा तोड़ने का प्रयास, पुलिस जांच में जुटी, शिकायत दर्ज*

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना।

शहर के वार्ड नंबर 3 में बनी जामा मस्जिद के गेट के सामने स्थित गली में सोमवार देर रात नकाबपोश छह लोगों ने जमकर पत्थरबाजी कर दहशत फैलाने की कोशिश की। हमलावरों ने मस्जिद के हमाम साहब मौलवी और उसके बेटे के घर के मुख्य द्वार और लाइटों को निशाना बनाया। इस घटना से मौलवी परिवार में भय का माहौल बन गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर भूना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता जेबुन्निशा निवासी वार्ड नंबर 3 ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 दिसंबर की रात करीब 1.30 बजे वह अपने परिवार के साथ घर में सो रही थी। इसी दौरान कुछ लोग घर के बाहर आए और मस्जिद व मकानों के सामने ईंट-पत्थर बरसाने लगे। आरोपियों ने उसके छोटे भाई ताहिर हुसैन के मकान पर चढ़कर दरवाजा तोड़ने का भी प्रयास किया। दरवाजा नहीं टूटने पर हमलावर गली में उतर आए और दोबारा पथराव शुरू कर दिया।पथराव में मस्जिद की लाइटें, दरवाजे और परिवार के कुछ मकानों को नुकसान पहुंचा। शोर सुनकर ताहिर हुसैन ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। आसपास के लोग बाहर आए तो आरोपी मौके से फरार हो गए।जेबुन्निशा का आरोप है कि घटना रात को हुई ओर सुबह थानाध्यक्ष और अन्य पुलिसकर्मियों ने मौका मुआयना कर उन्हें थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कहा, जिसके बाद शिकायत दी गई।पीड़िता के पिता रहीश अहमद ने बताया कि उनका परिवार वर्ष 1978 से मस्जिद के पास रह रहा है। मस्जिद आजादी के समय से बनी हुई है, जिसे 1978 में उन्होंने ही खुलवाया था। घटना के समय घर में पूरा परिवार मौजूद था और पथराव के बाद से सभी डरे हुए हैं। उनका किसी से कोई विवाद नहीं है।

**नकाबपोश छह लोगों ने दिया वारदात को अंजाम**





**भूना।** थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश बिश्नोई पत्थरबाजी लेकर पीड़ित पक्ष के मौके पर बयान दर्ज करते हुए व गली में बसाई हुई ईंटें। *फोटो: हरिभूमि*

### पुलिस मामले की कर रही जांच

उधर भाजपा नेता ताहिर हुसैन ने कहा कि उनका पारिवारिक झगड़ा मारपीट या कोई भी मनमुटाव नहीं है। ससुराल पक्ष और रिश्तेदारों के साथ अच्छे संबंध है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से निवेदन किया है कि पत्थरबाजी करने वाले लोगों को सामने लाना चाहिए। एसएचओइस मामले में भूना एसएचओ ओमप्रकाश ने बताया कि घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि रात को पुलिस टीम मौके पर गई थी और सुबह स्वयं भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है।

### जांच पारिवारिक एंगल से भी हो रही

*उन्होंने बताया कि उनके बड़े बेटे तैयब हुसैन निजी स्कूल में शिक्षक हैं, जबकि छोटा बेटा ताहिर हुसैन भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा हुआ है और पूर्व विधायक दुड़ाराम का समर्थक है। पुलिस इस मामले की जांच पारिवारिक पृष्ठभूमि के एंगल से भी कर रही है।जानकारी के अनुसार मस्जिद से जुड़े मौलवी के बेटे ने कई वर्ष पहले भूना में ही शादी की थी, जिसको लेकर पुराने पारिवारिक या सामाजिक विवाद की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि कहीं घटना के पीछे पुरानी रंजिश, आपसी विवाद या व्यक्तिगत कारण तो नहीं है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। वही धार्मिक भावनाओं को लेकर माहौल खराब करने वाले शरारती तत्वों सहित कई एंगल पर पुलिस जांच कर रही है।*



**फतेहाबाद।** गांव ढुईयां में कर्मचारियों को वाइ-ब्रेक योग का प्रशिक्षण देते आयुष योग सहायक। *फोटो: हरिभूमि*

## कर्मियों को प्रशिक्षित कर रही 48 आयुष सहायकों की टीम

- वाइब्रेक योग प्रशिक्षण से कर्मचारियों को रिलैक्स होने में मिलेगी मदद : अनिल कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

सरकारी विभागों में कर्मचारियों को तनावमुक्त रखने के लिए वाई-ब्रेक प्रशिक्षण अभियान जिले में पूरे शिखर पर है। महानिदेशक आयुष विभाग पंचकूला व हरियाणा सरकार व हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में फतेहाबाद जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा जिला व योग समन्वयक डॉक्टर भारती चौहान के निर्देशानुसार जिले में 48 आयुष सहायकों की टीम द्वारा प्रतिदिन वाइब्रेक योग अभ्यास का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण की इसी कड़ी के अंतर्गत ग्राम ढुईयां में आयुष योग सहायक अनिल कुमार व सतवीर सिंह द्वारा आंगनबाडिय़ों, राजकीय विद्यालय, पशु चिकित्सालय तथा जल घर में अनेक विभागों के कर्मचारियों को वाइब्रेक योग अभ्यास का प्रशिक्षण दिया गया। आयुष योग सहायक सतवीर सिंह ने आंगनबाड़ी में वाइब्रेक योग अभ्यास का प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सरकार द्वारा शुरु किया गया 'वाई-ब्रेक एट वर्कप्लेस योग' एक प्रकार का योग ब्रेक होगा, जिसमें सभी कर्मचारी अपनी सीट पर बैठकर ही योग करेंगे। यह ब्रेक छोटी अवधि के लिए होगा जिसमें अपनी सीट पर बैठकर योग का प्रयास करना है। वाई-ब्रेक का सबसे बड़ा फायदा है कि इसके लिए कर्मचारियों को बाहर या किसी जगह जाने की जरूरत नहीं होगी। लगातार काम करते रहने से हमारी प्रोडक्टविटी पर भी असर पड़ता है।

**'वाई-ब्रेक एट वर्कप्लेस योग'**

आयुष योग सहायक अनिल कुमार ने बताया कि वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल एक सावधानीपूर्वक तैयार किया गया पांच मिनट का योगाभ्यास है जिसे कर्मचारियों को उनके कार्यदिवस के दौरान तनावमुक्त, तरोताजा और पुनः केंद्रित होने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रोटोकॉल में ताड़ासन, उध्व हस्तोत्तानासन, प्रसारित पादोत्तानासन और नाड़ीशोधन प्राणायाम जैसे सरल लेकिन प्रभावी योगाभ्यास शामिल हैं। यह व्यस्त दिनचर्या के बावजूद भी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, तनाव कम करने और समग्र मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## नाबालिग की करवाई शादी, गर्भवती होने पर खुलासा पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला

**रतिया।** रतिया क्षेत्र में नाबालिग की शादी का समाचार है। नाबालिग के गर्भवती होने पर विभाग को इसका पता चला। जिला सरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल की शिकायत पर सदर पुलिस ने नाबालिग के पति, सास-ससुर व माता पिता पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल ने बताया कि गांव नागपुर निवासी दलबीर व कविता ने अपनी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी की शादी एक साल पूर्व 20 दिसंबर 2024 को ढाणी दादुपुर निवासी तेलूराम व सुमन के बेटे दिनेश के साथ की थी। शादी के बाद नाबालिग लडक़ी 4 माह की गर्भवती भी हो गई जिसकी दवाई लेने के लिए उसका पति दिनेश आशा वर्कर के कहने पर अपनी पत्नी को साथ लेकर नागपुर पीएचसी में लेकर गया। पीएचसी में कागजात मांगने पर पता चला कि दिनेश की पत्नी अभी नाबालिग है और अभी 18 वर्ष की ना हुई है। पीएचसी नागपुर के अधिकारियों द्वारा मामले की सूचना मिलने पर बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल ने मौके पर जाकर दस्तावेजों की जांच की तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद रेखा अग्रवाल ने मामले की शिकायत सदर पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर नाबालिग के पति दिनेश, सास-ससुर तेलूराम व सुमन व गांव नागपुर निवासी माता-पिता दलबीर व कविता पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- **पीएचसी में कागजात मांगने पर पता चला**

## डबवाली अग्निकांड की बरसी, दी श्रद्धांजलि

**डबवाली।** डबवाली अग्रिकांड की बरसी पर मंगलवार को अग्रिकांड स्मारक स्थल पर सर्वधर्म सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अग्नि पीड़ित परिवारों, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और शहरवासियों ने दिवंगत आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्मारक स्थल पर लगी उन मासूम बच्चों और अन्य दिवंगतों की तस्वीरों को देखकर पीड़ित परिवारों का दर्द एक बार फिर छलक पड़ा। श्रद्धांजलि सभा में डबवाली के विधायक आदित्य देवीलाल, पूर्व विधायक अमित सिहाग, हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, नगरपरिषद चेयरमैन टेकचंद छाबड़ा, बीजेपी जिलाध्यक्ष रेणु शर्मा, मार्केट कमेटी चेयरमैन सतीश जग्गा सहित एसडीएम डबवाली अर्पित संगल, एसपी निकिता खट्टर सहित विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अग्निकांड में जान गंवाने वाले 442 लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। अग्निकांड के समय दोपहर 1 बजकर 47 मिनट पर ठीक उसी क्षण, जब 30 वर्ष पूर्व आग की भयावह लपटों ने सैकड़ों जिंदगियों को लील लिया था, सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। स्मारक स्थल पर हवन-यज्ञ और श्री सुखमणी साहिब के पाठ का आयोजन किया गया तथा 'सरबत के भले' की अरदास की गई।



## जाली वसीकाओं के आधार पर प्लॉट पर अवैध कब्जे का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। जाली वसीकाओं के आधार पर प्लॉट पर अवैध कब्जा करने का प्रयास करने के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान बिट्टूराम उर्फ शंकर पुत्र भागा राम, निवासी गांव जमालपुर शेखां, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि संयुक्त सब-रजिस्ट्रार टोहाना द्वारा 28 नवंबर को लिखे पत्र एवं उपमंडल अधिकारी (नागरिक) टोहाना द्वारा की गई जांच में यह पाया गया कि वसीका संख्या 223, दिनांक 23 अप्रैल 2024 तथा वसीका संख्या 3285 दिनांक 29 नवंबर 2024 के पंजीकरण के समय प्रस्तुत की गई पूर्व वसीकाओं की प्रतियां संबंधित कार्यालयों के मूल रिकॉर्ड से मेल नहीं खातीं। गवाहों के बयानों के आधार पर जालसाजी और आपराधिक साजिश की पुष्टि हुई। थाना शहर टोहाना में 28 नवंबर 2025 को धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी बिट्टूराम उर्फ शंकर पुत्र भागा राम, निवासी गांव जमालपुर शेखां, टोहाना को गिरफ्तार किया गया। आरोपी आदतन अपराधी है कई थानों में कुल 15 मामले पहले से दर्ज हैं।

## 'घोस्ट पेयरिंग' ट्रिक से ठग ले रहे हैं अकाउंट का पूरा कंट्रोल, पुलिस की सख्त चेतावनी

# व्हाट्सएप यूजर्स के लिए नया साइबर खतरा बिना ओटीपी अकाउंट हो सकता हैक: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन को व्हाट्सएप पर सक्रिय एक नए और गंभीर साइबर फ्रॉड के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी द्वारा 'घोस्ट पेयरिंग' नामक एक खतरनाक हैकिंग कैंपेन को लेकर चेतावनी जारी की गई है, जिसमें साइबर अपराधी बिना पासवर्ड, ओटीपी या सिम स्वैप के ही व्हाट्सएप अकाउंट को अपने कब्जे में ले लेते हैं। साइबर अपराधी परिचित कॉन्टैक्ट के नाम से व्हाट्सएप पर संदिग्ध लिंक भेजते हैं, जैसे देखो यह फोटो। यूजर लिंक पर क्लिक करता है, वेरिफिकेशन के बहाने फन नंबर डालने को कहता है। फोन नंबर फीचर का गलत इस्तेमाल कर अकाउंट को डिवाइस से जोड़ लेते हैं।

### पुलिस अधीक्षक ने सलाह दी



पुलिस अधीक्षक ने सलाह दी कि आमजन किसी भी अनजान या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और किसी बाहरी वेबसाइट पर अपना मोबाइल नंबर, ओटीपी या निजी जानकारी दर्ज न करें। व्हाट्सएप सेटिंग्स में जाकर नियमित रूप से लिंकड डिवाइस सेक्शन चेक करें।

### ठगी का आरोपी गिरफ्तार, जांच में जुटी पुलिस

**फतेहाबाद।** ठगी के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गजराज उर्फ गरिला उर्फ सोनी, पुत्र भुरा सिंह, निवासी वीरों कलां, जिला मानसा, पंजाब के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी, पुत्र आत्मा सिंह, निवासी गुरूनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद ने शिकायत दी थी कि उन्हें मोबाइल पर व्हाट्सऐप के माध्यम से बार-बार कॉल और अलग-अलग नामों का परिचय देकर निवेश करने और बदले में अधिक लाभ पाने का लोभ-प्रलोभन दिया जा रहा था। शिकायत पर थाना शहर फतेहाबाद में 14 नवंबर को धारा 318(4), 62 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।अब इसी मामले में दूसरे आरोपी गजराज उर्फ गरिला उर्फ सोनी को गिरफ्तार किया गया है। एसएचओ ने बताया कि मामले में अन्य संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है।

## जाखल में ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

**फतेहाबाद।** ट्रैफिक पुलिस टोहाना द्वारा जाखल क्षेत्र में वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने का विशेष अभियान चलाया गया। यह पहल विशेष रूप से धुंध वाले मौसम में वाहन चालकों एवं राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से की गई है। टोहाना ट्रैफिक इंचार्ज उपनिरीक्षक धर्मचंद ने बताया कि अभियान के तहत ट्रक, बस सहित अन्य भारी वाहनों पर उच्च गुणवत्ता वाले रिफ्लेक्टर लगाए गए। इन रिफ्लेक्टरों की सहायता से वाहन रात के समय एवं घने कोहरे में भी दूर से स्पष्ट रूप से दिखाई देंगे, जिससे अन्य वाहन चालकों को समय रहते उनकी स्थिति का आभास होगा और दुर्घटनाओं की संभावना में कमी आएगी। उन्होंने आगे बताया कि रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य अनुभवी टीम द्वारा किया गया तथा यह सुनिश्चित किया गया कि सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर निर्धारित ऊँचाई और उचित स्थान पर लगाए जाएं, ताकि अधिकतम दृश्यता और सुरक्षा प्राप्त हो सके। इस दौरान वाहन चालकों को सडक़ सुरक्षा के महत्व और रिफ्लेक्टर के उपयोग के प्रति भी जागरूक किया गया।





# कृष-4 में रजत बेदी करेगा खूंखार विलेन का रोल!

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की फिल्म कृष-4 बॉलीवुड की कुछ मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार है। फिल्म के पिछले सभी पार्ट ब्लॉकबस्टर हिट रहे हैं और चौथे पार्ट का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। इस बार कई चीजें अलग होने वाली है, लेकिन जिस सवाल का जवाब दर्शक काफी वक्त से जानना चाह रहे हैं वो यह, कि इस बार कौन विलेन का रोल प्ले करता नजर आएगा? इस बार खबर है कि रजत बेदी फिल्म में विलेन का रोल प्ले करते नजर आ सकते हैं। रजत बेदी ने फिल्म 'कोई मिल गया' में निगेटिव रोल प्ले किया था और उनके काम की काफी तारीफ हुई थी।



## लाइफ Style

# कियारा

## किसी भी इंडस्ट्री में तनाव अच्छा नहीं

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग करने के बाद इस मुद्दे को लेकर इंडस्ट्री में एक बहस चल रही है। हालांकि, इस मामले पर दीपिका को इंडस्ट्री के कई लोगों का समर्थन भी मिला है। अब इस बहस में नई-नवेली मां बनीं कियारा आडवाणी ने भी एंट्री की है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मां बनने के बाद पहली बार कियारा ने अब आठ घंटे काम करने के मुद्दे पर अपनी राय दी है। उन्होंने प्रोफेशनल जिंदगी और पर्सनल जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया है। एक बातचीत में कियारा आडवाणी ने मां बनने के बाद काम और व्यक्तिगत जिंदगी में संतुलन के महत्व को लेकर बात की। आठ घंटे की शिफ्ट पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कियारा ने कहा कि किसी भी इंडस्ट्री में अत्यधिक तनाव किसी के लिए भी अच्छा नहीं होता। मेरे काम करने का तरीका प्रमुख रूप से तीन प्वॉइंट्स पर निर्भर रहता है। ये हैं- गरिमा, संतुलन और सम्मान। ये तीनों आधार मेरे घर पर और मेरे प्रोफेशनल स्टाफ पर भी लागू होते हैं। अपने काम को लेकर कियारा ने बताया कि वह नई स्क्रिप्ट की तलाश कर रही हैं और आने वाली एक बायोपिक को लेकर खासा उत्साहित हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि अब उनके किरदार शैली से ज्यादा कहानी की गहराई पर आधारित होते हैं। अब वह स्क्रिप्ट का चयन कहानी को देखकर करती हैं। उसके जॉनर से कोई लेना-देना नहीं है। बेटी के जन्म के बाद काम को कैसे मैनेज करती हैं, इस पर कियारा ने कहा कि सरायाह के जन्म के बाद से मेंटल हेल्थ मेरी सबसे प्रमुख प्राथमिकता बन गई है।

## हॉलीवुड मसाला



# परिवार संग आउटिंग पर निकले

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ियों में शुमार जेंडाया और टॉम होलैंड एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह कोई फिल्म या रेड कार्पेट नहीं, बल्कि एक बेहद सादगी भरा फैमिली मोमेंट है। सगाई के बाद दोनों को पहली बार टॉम होलैंड के पूरे परिवार के साथ एक वीकेंड आउटिंग पर देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। यह खास आउटिंग लॉस एंजेलिस में आयोजित 'द ट्रेटर्स- लाइव एक्सपीरियंस' के दौरान हुई।



# क्रिस्टोफर की द ओडिसी का ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ओपेनहाइमर' के बाद क्रिस्टोफर नोलन एक और धमाकेदार फिल्म लेकर दर्शकों के बीच पहुंचने वाले हैं। फिल्म का नाम है, 'द ओडिसी'। इस फिल्म का जब से ऐलान हुआ है, दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर में एक्टर मैट डैमन को इथाका के राजा ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है, जो ट्रोजन युद्ध के बाद अपने सैनिकों को घर ले जा रहे हैं। 'द ओडिसी' के ट्रेलर में समुद्री दृश्य काफी ज्यादा देखने को मिले हैं, जिन्हें बेहद खूबसूरती से फिल्माया गया है। युद्ध के बाद घर लौटते सैनिक हों या फिर युद्ध के दौरान के हालात। नाव पर सवार सैनिकों के जत्थे वाला सीन रोंगटे खड़े कर देता है। वहीं, ट्रेलर के आखिर में सैनिक की पार्टनर द्वारा लिया गया घर वापसी के वादे वाला सीन काफी मार्मिक है।



# एनिमल के दूसरे पार्ट में भी आएंगी नजर

**मुंबई।** रणबीर कपूर की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'एनिमल' तमाम आलोचनाओं के बाद भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। मेकर्स ने पहली फिल्म के अंत में ही फिल्म के दूसरे पार्ट 'एनिमल पार्क' की घोषणा कर दी थी। एनिमल में रणबीर कपूर की बड़ी बहन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सलोनी बत्रा हाल ही में अमेजन एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'भय' में नजर आई हैं। अब सलोनी बत्रा ने रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'एनिमल पार्क' को लेकर बात की। इस दौरान अभिनेत्री ने कंफर्म किया कि वो एनिमल पार्क का हिस्सा होंगी। अपने रोल को लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि मैं 'एनिमल 2' में जरूर रहूंगी। लोगों को एनिमल पसंद आई थी, इसलिए मेकर्स एंटरटेनमेंट और एक्शन के लिए इस तरह की फिल्में बनाना चाहते हैं।



# बेटी आराध्या संग न्यू ईयर मनाने निकले

**मुंबई।** बॉलीवुड के सबसे चर्चित और पसंदीदा कपल्स में शुमार ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन एक बार फिर अपनी पारिवारिक बॉन्डिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में दोनों को अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया, जहां यह कपल फैमिली वेकेशन के लिए रवाना होते नजर आया। एयरपोर्ट पर तीनों का अंदाज बेहद स्टाइलिश, लेकिन कम्फर्टेबल रहा। ऐश्वर्या, अभिषेक और आराध्या तीनों ही ब्लैक आउटफिट में नजर आए, जिसने सोशल मीडिया पर फैंस का ध्यान खींच लिया। हमेशा की तरह ऐश्वर्या ने पैपराजी की मौजूदगी को सहजता से हैंडल किया और मुस्कुराते हुए हाथ हिलाकर अभिवादन किया। हालांकि, अभी ये साफ नहीं हो पाया है कि आखिर बच्चन फैमिली छुट्टियां मनाने के लिए कहां गई है।

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में प्रियंका के साथ अब साहिल आएगा नजर...

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में अगर किसी शो का सबसे ज्यादा इंतजार होता है, तो वो है एकता कपूर का सुपरनैचुरल ड्रामा 'नागिन'। इस शो के अब तक 6 सीजन आ चुके हैं और हर सीजन ने टीआरपी के मामले में झंडे गाड़े हैं। अब बारी है 'नागिन 7' की, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त बज बना हुआ है। यह शो 27 दिसंबर को कलर्स टीवी पर दस्तक देने जा रहा है। हाल ही में इस शो को लेकर एक बहुत बड़ी अपडेट सामने आई है, जिसे सुनकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। यह कन्फर्म हो चुका है कि बिग बॉस 16 और उडारियां फेम प्रियंका चाहर चौधरी इस बार नागिन बनकर पर्दे पर आग लगाने वाली हैं। अब नागिन 7 में टीवी के मशहूर एक्टर साहिल उप्पल की भी एंट्री हो गई है। साहिल उप्पल, जिन्हें आपने 'पिंजरा खूबसूरती का' जैसे शोज में देखा है, अब 'नागिन 7' में एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि साहिल इस शो में पैरेलल लीड के तौर पर दिखेंगे। हालांकि, साहिल की तरफ से अभी इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन गलियारों में इसकी चर्चा जोरों पर है। सिर्फ प्रियंका और साहिल ही नहीं, इस बार मेकर्स ने कास्टिंग पर काफी मेहनत की है। शो में 'इश्क का रंग सफेद' फेम ईशा सिंह और 'एक दीवाना था' फेम नमिक पॉल भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा विहान वर्मा, रिब्बू मेहरा, कुशाग्र दुआ, प्रतीक्षा राय, निवेदिता पाल और आफरीन दबेस्तानी जैसे कलाकार भी अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरेंगे।

### मॉडलिंग से की थी कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** इंडियन टेलीविजन इंडस्ट्री में चार्म, टैलेंट और अपने दमदार काम के लिए मशहूर रवि दुबे ने अपने कॅरियर की शुरुआत मॉडलिंग से की थी। रवि ने कभी नहीं सोचा था कि वह टीवी और फिल्म इंडस्ट्री को अपना फुलटाइम पेशा बना पाएंगे, क्योंकि उनके पिता का मानना था कि पढ़ाई एक्टिंग से ज्यादा जरूरी है। टीवी शो सास बिना ससुराल और जमाई राजा में दामाद के किरदार ने रवि दुबे को दर्शकों का चहेता बना दिया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में जन्मे रवि एक साधारण परिवार से आते हैं। उन्हें बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। उनके पिता सिविल इंजीनियर हैं और मां हाउसवाइफ हैं।



साल 2006 रवि दुबे के लिए खास रहा, क्योंकि इसी साल उन्हें शो स्त्री तेरी कहानी मिला। इसके बाद उन्होंने डोली सजा के और यहां के हम सिकंदर जैसे शोज में काम किया। काम तो लगातार मिलता रहा, लेकिन असली पहचान का सफर थोड़ा लंबा था। साल 2010 में आए टीवी सीरियल सास बिना ससुराल से रवि दुबे को पहचान मिली।

# अगस्त्य पर नजरें टिक जाती हैं

## इक्कीस देखकर भावुक हुए अमिताभ

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने अपनी नाती अगस्त्य नंदा की आने वाली फिल्म 'इक्कीस' देखने के बाद भावनाएं साझा कीं। बिग बी फिल्म देखने के बाद काफी भावुक हो गए और उनकी फीलिंग्स साफ तौर पर छलक पड़ीं। उन्होंने इसे केवल एक नाना की प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि सिनेमा को गंभीरता से देखने वाले दर्शक की राय बताया। उन्होंने लिखा कि अगस्त्य को स्क्रीन पर देखकर उनके मन में बीते वर्षों की कई यादें एक साथ उमड़ पड़ीं- जन्म से लेकर बड़े होने तक का सफर। लेकिन इन भावनाओं से अलग, उन्होंने अगस्त्य के अभिनय की भी खुलकर सराहना की। बिग बी के मुताबिक, अगस्त्य का अभिनय परिपक्व, सधा हुआ और पूरी तरह किरदार में ढला हुआ है। उन्होंने कहा कि अगस्त्य ने अरुण खेत्रपाल के किरदार को बिना किसी बनावट के निभाया है, जो सीधे दिल तक पहुंचता है। बिग बी ने यह भी कहा कि जब अगस्त्य फ्रेम में होते हैं, तो दर्शक अनायास ही सिर्फ उन्हें देखने लगते हैं। उनके अनुसार, यह किसी पारिवारिक रिश्ते की वजह से कही गई बात नहीं है, बल्कि एक अनुभवी दर्शक की ईमानदार प्रतिक्रिया है। फिल्म की कहानी, लेखन और निर्देशन को भी उन्होंने लगभग बेदाग बताया और कहा कि फिल्म खत्म होने के बाद आंखें गर्व और खुशी के आंसुओं से भर जाती हैं।



'इक्कीस' भारतीय सेना के जांबाज अफसर सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के असाधारण जीवन पर आधारित एक बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा है। यह फिल्म उस वीर सैनिक की कहानी कहती है, जिन्हें 1971 के भारत-पाक युद्ध में अद्भुत साहस दिखाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। खास बात यह है कि अरुण खेत्रपाल भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता थे। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक श्रीराम राघवन ने किया है और यह 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# धुरंधर की सफलता से बदले रणवीर के तेवर, डॉन 3 से खींचा हाथ...

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह छाए हुए हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' कमाई के मामले में सबसे आगे निकल चुकी है और साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्म बन गई है। हमजा और जसकीरत के रोल में उन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। इस फिल्म के बाद फैंस उन्हें 'डॉन 3' में देखने के लिए बेकरार हो रहे थे, जो लंबे समय से रुकी हुई है। पर ऐसा लग रहा है कि ये इंतजार और लंबा हो सकता है या फिर ये इंतजार कभी खत्म ही ना हो! जी हां, ये खबर आ रही है कि रणवीर ने फरहान अख्तर की इस फिल्म से किनारा कर लिया है। ऐसे में मेकर्स को नए हीरो की तलाश करनी होगी। एक सूत्र ने कहा, 'धुरंधर की अपार सफलता के बाद रणवीर को यह बिल्कुल स्पष्ट है कि वह आगे किस तरह की फिल्में करना चाहते हैं। वह संजय लीला भंसाली, लोकेश कनगराज और एटली जैसे फिल्म निर्माताओं के साथ काम करने के इच्छुक हैं। वो लगातार गैंगस्टर फिल्मों में नजर नहीं आना चाहते। खासकर तब जब 'धुरंधर' पहले ही इस स्टाइल अपनी पहचान बना चुकी है। यही एक कारण है कि उन्होंने जय मेहता से 'प्रलय' की शूटिंग पहले शुरू करने के लिए कहा है। रणवीर इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने और योजना से पहले ही इसकी शूटिंग शुरू करने के लिए एक्साइटेड हैं।'



### प्रलय की शूटिंग को दी प्राथमिकता

*'प्रलय' अपलॉज एंटरटेनमेंट की फिल्म 'जॉम्बी' पर आधारित है। ये एक मानवीय कहानी बयां करती है कि कैसे एक आदमी सबसे मुश्किल हालातों में भी अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। सूत्र ने बताया, 'अब जब सिंह ने 'डॉन 3' के बजाय अन्य प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी है, तो वे जय मेहता की फिल्म की शूटिंग की तारीखों और शेड्यूल को तय करने में पर्सनली शामिल हैं, ताकि फिल्म का काम तेजी से आगे बढ़ सके।'*

### डॉन 3 हुई पोस्टपोन

*डॉन 3 की बात करें तो एक अंदरूनी सूत्र ने पुष्टि की है, धुरंधर की रिलीज के तुरंत बाद रणवीर को डॉन 3 की तैयारी शुरू करनी थी। हालांकि, मौजूदा हालात को देखते हुए, फिल्म को अब पोस्टपोन कर दिया गया है।' इस एक्शन थ्रिलर मूवी में कृति सेनन हैं। ग्रैंड पैमाने पर बनने वाली इस मूवी की शूटिंग यूरोप की कई लोकेशन पर होगी।*

## न्यू ईयर के लुक के लिए ले सकते हैं टिप्स

# इन सितारों का 2025 में फैशन रहा एकदम टॉप क्लास

*नई दिल्ली। जब बात फैशन की आती है, तो लड़की हो या फिर लड़का हर कोई परफेक्ट दिखने के साथ-साथ कॉन्फिडेंट भी लगना चाहता है। खास तौर पर किसी स्पेशल फंक्शन पर। हम सब भी दिसंबर के अंतिम दिनों में पहुंच चुके हैं और नए साल में एंट्री करने जा रहे हैं। अगर आपका वेकेशन या पार्टी प्लान है और आप ये डिसाइड नहीं कर पा रहे हैं कि न्यू ईयर पर सिम्पली कैसे ब्यूटीफुल या हैंडसम दिखा जाए, तो आज हम अपने इस आर्टिकल में आपको उन सितारों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनका फैशन गेम 2025 में एकदम हाई रहा है, उनकी एक झलक देखकर फैंस की आंखें उनके खूबसूरत अटायर पर टिक गई।*

**शाहरुख** : शाहरुख खान बॉलीवुड के बादशाह तो पहले से ही थे, लेकिन साल 2025 में वह फैशन गेम के भी किंग बन गए। उन्होंने इस साल मेट गाला में रेड कारपेट पर डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने सभ्यसाची के डिजाइनिंग क्लोथ पहने। ऑल ब्लैक लुक के सह उन्होंने गले में चैन, एक डायमंड ब्रोच और 18 कैरेट सोने की टाइगर कैन थी। उनके इस लुक की काफी चर्चा हुई।

**आलिया** : आलिया भट्ट को अक्सर दीपिका पादुकोण जैसे सिमिलर कपड़े पहनने के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता था। हालांकि, इस बार उन्होंने सबकी बोलती बंद की, जब वह कांस फिल्म फेस्टिवल 2025 में गुच्ची गाला आउटफिट में रेड कारपेट पर उतरीं। बेज रंग के इस ब्लाउज के साथ उनकी स्कर्ट में आलिया बहुत ही खूबसूरत लगीं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ मिनिमल मेकअप रखा।

**नीता अंबानी** : भारत की सबसे अमीर शख्सियत में से एक नीता अंबानी की डिजाइनर साड़ियां फैंस को बहुत लुभाती हैं। लंदन के ब्रिटिश म्यूजियम बॉल में इंडियन कल्चर एम्बेसडर बनकर पहुंचीं नीता अंबानी ने इस खास मौके पर कांजीवरम साड़ी पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने सिल्वर एम्ब्रायडरी वाला ब्लाउज कैरी किया हुआ था। अगर आप अपने वेस्टर्न लुक से बोर हो गए हैं, तो नीता अंबानी के इस ट्रेडिशनल लुक को जरूर अपना सकते हैं।







**दिलजीत** : दिलजीत दोसांझ इस बार जब मेट गाला में महाराजा इंस्पायर्ड लुक धारण करके आए थे, तो फैंस उन्हें बस एकटक निहारते ही रह गए थे। प्रबल गौरांग के डिजाइन किए गए व्हाइट शेरवानी के साथ दिलजीत ने टर्बन और तलवार ली थी। उनके इस लुक को अभी तक किसी भी भारतीय के इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर बेस्ट लुक बताया गया था। अगर आप नए साल पर थीम पार्टी का प्लान कर रहे हैं, तो ये लुक जरूर अपना सकते हैं।

**अनन्या** : अनन्या पांडे वेस्टर्न ड्रेस पहने या फिर इंडियन फैंस उनके दीवाने हो ही जाते हैं। 2025 में उनका फैशन गेम भी ऑन रहा, खास तौर पर जब फैंस ने उन्हें एक इवेंट पर ऑरेंज रंग की बनारसी साड़ी में देखा, तो बस एक नजर देखते ही रह गए।

**रणवीर** : साल 2025 में रणवीर सिंह ने अपने अतरंगी फैशन को छोड़कर कुछ ऐसा अपनाया जिससे लोग हैरान रह गए। धुरंधर एक्टर ने कपड़ों की भरपूर लेयरिंग, एक्सपेरिमेंटल सिलुएट्स और बेबाक रंगों का इस्तेमाल किया, जिसने मीम कल्चर और पैपराजी की रील्स दोनों में दबदबा कायम रखा।

**कियारा** : साल 2025 में कियारा आडवाणी ने न सिर्फ रेड कारपेट पर अपना पहला अपीरियंस दिया, बल्कि उन्होंने एक कहानी भी गढ़ दी। गर्भवती होने के बावजूद मेट गाला में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराते हुए, कियारा ने फैशन की सबसे चर्चित शाम को एक ऐसे कल्चरल मोमेंट बना दिया। ब्लैक एंड व्हाइट गाउन पर गोल्डन रंग का हार्ट उनके इस लुक को और भी खास बना रहा था। इस लुक ने फैंस को काफी आकर्षित किया था।

**खबर संक्षेप**

### महिला एवं बाल विकास योजनाओं की बैठक

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग, सिरसा की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने बैठक में आपकी बेटी हमारी-बेटी योजना के तहत मिलने वाली एलआईसी को ट्रांसजेंडर समुदाय द्वारा वितरित करवाने हेतु समुदाय के प्रतिनिधियों से बातचीत की गई।

### चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टोहाना।** मकान का ताला तोडक़र लाखों की नकदी व गहने चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता सतभूषण सिंगला पुत्र गुलाब चंद सिंगला निवासी गांधी गेट, टोहाना ने शिकायत दी थी कि वह लगभग एक माह से दिल्ली गया हुआ था। उसके मकान की दूसरी मंजिल पर किरायेदार संजीव सिंगला रहते हैं, जो 19 दिसंबर को चंडीगढ़ इलाज के लिए गए हुए थे। 20 दिसंबर की शाम को जब वे वापस आए तो मकान के ताले टूटे हुए पाए।

## मुहिम : उपचार और पुनर्वास के लिए किया प्रेरित

# गांवों में नशामुक्ति टीम का डोर टू-डोर सर्वे, 25 युवा चिन्हित

गांववासियों को विभिन्न स्थानों पर एकत्र कर नशे के दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नशा उन्मूलन को लेकर जिला पुलिस की नशामुक्ति टीम द्वारा विभिन्न गांवों एवं शहरी क्षेत्रों में नशा पीड़ितों की पहचान, काउंसलिंग तथा उपचार से जोडऩे के उद्देश्य से विशेष अभियान संचालित किया गया।

इस अभियान के तहत एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद ने गांव भट्टूकलां, काजलहेड़ी, कुणाल, ब्राह्मण वाला, रतिया तथा फतेहाबाद क्षेत्र में टीका लगाने वाले एवं गंभीर अवस्था में पहुंचे ड्रग पीड़ितों के घर-घर जाकर उनके हालात का निरीक्षण किया। टीम द्वारा पीड़ितों एवं उनके परिजनों से संवाद कर काउंसलिंग की गई तथा आवश्यकतानुसार होम्योपैथिक दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई। इसके साथ ही सभी पीड़ितों को नागरिक अस्पताल में नियमित रूप से इलाज करवाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे चिकित्सकीय मार्गदर्शन में नशे की लत से बाहर आ सकें।



टोहाना। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करती पुलिस टीम।

**5 युवक पहले से उपचाराधीन**

दूसरी ओर सहायक उपनिरीक्षक सज्जन कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने टोहाना डिविजन के गांव गुलरवाला में डोर-टू-डोर सर्वे किया गया। इस दौरान गांव में नियुक्त केयर टेकर सुखदेव को साथ लिया गया। 24 दिसंबर को गांव में प्रस्तावित प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सर्वे को और अधिक गहन बनाया गया। सर्वे से पूर्व गांव के सरपंच, सचिव एवं अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के साथ नशे की समस्या को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इसके उपरांत किए गए सर्वे में 25 युवा नशे की लत में पाए गए, जिनमें से 5 युवक पहले से उपचाराधीन हैं। शेष युवाओं को उपचार के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें बताया गया कि वे सरकारी अस्पताल के कमरा नंबर 14 में निःशुल्क इलाज करवा सकते हैं, जहां सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध हैं। साथ ही गांववासियों को विभिन्न स्थानों पर एकत्र कर नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया तथा इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील की गई।

### गांव मढ़ में डॉग स्क्वाड 'जैक-रैंबो' व कमांडो टीम की मदद से चलाया सघन सर्च अभियान

■ फतेहाबाद पुलिस का ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत कार्रवाई

**रतिया।** ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार विशेष सर्च अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में थाना सदर रतिया क्षेत्र के गांव मढ़ में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह द्वारा किया गया। पुलिस टीम ने तड़के सुबह गांव मढ़ के आबादी वाले क्षेत्रों, मुख्य गलियों, संदिग्ध ठिकानों, सुनसान रास्तों तथा आसपास के खेतों में गहन तलाशी ली। अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए डॉग स्क्वाड टीम तथा कमांडो टीम को विशेष रूप से तैनात किया गया। तलाशी अभियान के दौरान डॉग स्क्वाड टीम के सदस्य जैक एवं रैंबो की सहायता से मलकित पुत्र हरबंस सिंह निवासी गांव बीराबदी ढाणी के कब्जे से लगभग 100 लीटर अवैध लाहन बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर आरोपी को मौके पर ही नियमानुसार काबू किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा घर-घर दस्तक देकर ग्रामीणों से संवाद किया गया तथा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई। संभावित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती गई, जिससे गांव में सुरक्षा एवं पुलिस की सक्रिय उपस्थिति का स्पष्ट संदेश गया। अभियान के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए स्पष्ट किया कि अवैध शराब, लाहन अथवा किसी भी प्रकार की नशा तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



रतिया। गांव मढ़ में सर्च अभियान चलाती पुलिस टीम।



फतेहाबाद। पौष माह की चांदनी दूज पर पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

## पौष माह की चांदनी दूज पर आयोजन

# बाबा रामदेव महाराज की विधि विधान से की पूजा-अर्चना

■ श्रद्धालुओं ने जोत को नमन किया और मन्नतें मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

धार्मिक महत्व के माह पौष महीने की चांदनी दूज के उपलक्ष्य में श्रद्धालु शक्ति नगर स्थित प्राचीन बाबा रामदेव मंदिर रामदेवरा पहुंचे और बाबा रामदेव महाराज की संध्या आरती में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज के दरबार में माथा टेककर नारियल-ध्वजा चढ़ाई। श्रद्धालुओं ने बाबा रामदेव महाराज की परिक्रमा करते हुए बाबा रामदेव महाराज की महिमा में जयकारे लगाए। श्री बाबा रामदेव सेवा समिति प्रधान रमेश जोइया ने समिति सदस्यों के साथ फूलों की माला अर्पित कर बाबा रामदेव महाराज की विधिविधान से पूजा अर्चना की। बाबा रामदेव महाराज की पावन व सांची जोत प्रज्ज्वलित की गई। बाबा रामदेव महाराज को चूरमा, हलवा, खीर, मिष्ठान, मेवे व बताशें आदि का भोग लगाकर प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया।

**यह रहे मौजूद**

समिति प्रधान रमेश जोइया ने बताया कि मंदिर रामदेवरा में हर माह की चांदनी दूज व चांदनी दशमीं के उपलक्ष्य में बाबा रामदेव महाराज की विशेष रूप से पूजा व अराधना की जाती है। बाबा रामदेव महाराज की मंगल व संध्या आरती रूणेचा धाम की तर्ज पर धुपियां लेकर की जाती है, जिसमें श्रद्धालु पूरी आस्था व विश्वास के साथ भाग लेते हैं। इस मौके पर श्री ब्राहामण सभा के प्रधान रामनिवास शर्मा, जोनी गहलोत, राकेश जोइया, आर्यन आहुजा, जगदीश गहलोत, जश्न सेठी, सोनू शर्मा, घोनी गहलोत मौजूद रहे।

## उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी

# फतेहाबाद जिले के 69 गांवों में एग्री स्टैक आईडी बनाने को विशेष कैम्प का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी डिजिटल पहल एग्री स्टैक के अंतर्गत जिले के 69 गांवों में किसानों की एग्री स्टैक आईडी बनाने के लिए विशेष कैम्पों का आयोजन किया गया। इन कैम्पों का उद्देश्य किसानों को एग्री स्टैक से जोडक़र उन्हें सरकारी योजनाओं, कृषि सेवाओं एवं बाजार संबंधी सुविधाओं का लाभ प्रदान करना है। इसी क्रम में गांव मोहम्मदपुर रोही में आयोजित कैम्प में नायब तहसीलदार विकास, ट्रेनी तहसीलदार रजत वर्मा, खंड कृषि अधिकारी डॉ. जय कुमार भोरिया, कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों, पटवारी रामनिवास, फील्डमैन अनिल कुमार सहित गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को एग्री स्टैक के उद्देश्य, लाभ एवं उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा मौके पर ही एग्री स्टैक आईडी बनाने की प्रक्रिया पूर्ण करवाई। अधिकारियों ने बताया कि जिले के सभी 69 गांवों में इसी प्रकार से कैम्पों का आयोजन किया गया है, जिनमें सेंकड़ों किसानों ने भाग लिया। एग्री स्टैक भारत सरकार द्वारा विकसित एक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर है, जो कृषि क्षेत्र के लिए एकीकृत डेटाबेस एवं सेवाओं का समूह है।



फतेहाबाद। गांव एमपी रोही में आयोजित कैंप में उपस्थित अधिकारीगण।



## बाढ़ नियंत्रण परियोजना कार्यों को प्राथमिकता से करें पूराः एडीसी

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि अधिकारी पिछले अनुभव के आधार पर बाढ़ नियंत्रण प्रबंधों की अभी से तैयारी करें ताकि बाढ़ या जल भराव के किसी भी संभावित हालात से निपटने में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। बाढ़ नियंत्रण प्राथमिक योजनाओं को समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त मंगलवार को लघुसचिवालय स्थित सभागार में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से आयोजित हरियाणा स्टेट टेक्निकल एडवाइजरी कमेटी ऑन फ्लड की बैठक उपरांत संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्त आयुक्त डा. सुमिता मिश्रा ने वीडियो कॉफ्रेंस से बाढ़ नियंत्रण की प्राथमिक योजनाओं व क्षतिपूर्ति पोर्टल की समीक्षा की और जिला के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि मानसून सीजन व बाढ़ नियंत्रण तैयारियां एक महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए अधिकारी इसे प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि पिछले बरसाती सीजन के दौरान जिन क्षेत्रों में भारी जलभराव या बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हुई थी, उन्हें आधार बनाकर आगामी योजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बाढ़ प्रबंधन और क्षतिपूर्ति वितरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और तेजी लाने के लिए पोर्टल का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ या जलभराव वाले संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण करें।

## चुनावी प्रक्रिया प्रधान अमित की मौजूदगी में संपन्न

# मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के वार्षिक चुनाव, सचिन बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन, फतेहाबाद इकाई के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया में यूनियन के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई कार्यकारिणी का चयन किया।

बैठक में सर्वसम्मति से सचिन को अध्यक्ष, गगन टूटेजा एवं आयुष सक्सेना को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मनोज शर्मा को महासचिव,विवेक चौहान को सचिव तथा अमन को संयुक्त सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। कोषाध्यक्ष पद पर संदीप छाबड़ा को तथा सह-कोषाध्यक्ष पद पर विवेक गुलाटी को निर्वाचित किया गया। यूनियन के सदस्यों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनका नेतृत्व ईमानदारी, दूरदृष्टि एवं उत्कृष्ट सेवा भावना से प्रेरित होगा तथा वे मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स के हितों की रक्षा एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य करेंगे। इस अवसर पर नवदीप, वैभव, विपिन, मंगेश और प्रीतम को यूनिट की ओर से एक्जीक्यूटिव मेंबर नियुक्त किया। संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया सिरसा यूनिट से आए प्रधान अमित टुटेजा की मौजूदगी में संपन्न हुई।



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते हरियाणा मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## भूथन कलां में किसान वैज्ञानिक संवाद शिविर का आयोजन

**फतेहाबाद।** उपमंडल के गांव भूथन कलां में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के गन्ना अनुभाग द्वारा किसान वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गन्ना विकास अधिकारी डॉ. रामेश्वर श्योकंद ने की। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को टीएमएस योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि विभाग द्वारा गन्ने की विश्वविद्यालय द्वारा सिफारिशशुदा किस्मों की बुवाई पर प्रोत्साहन स्वरूप 3000 रुपये प्रति एकड़ की दर से सहायता राशि प्रदान की जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए किसान का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है तथा इसके पश्चात कृषि विभाग के पोर्टल पर टीएमएस योजना के अंतर्गत आवेदन किया जा सकता है। योजना के अंतर्गत एक परिवार पहचान पत्र आईडी पर अधिकतम 2 हेक्टेयर तक लाभ दिया जा रहा है तथा यह योजना पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर लागू है। प्रशिक्षण सत्र में किसानों को गन्ने में लगने वाले कीट-पतंगों, रोगों एवं उनके नियंत्रण उपायों की जानकारी दी गई। किसानों को गन्ने की खड़ी फसल का भ्रमण भी करवाया गया। डॉ. ओपी नेहरा ने गन्ने की बुवाई से लेकर कटाई तक तकनीकी जानकारी प्रदान की। किसानों द्वारा अन्य रबी फसलों से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का वैज्ञानिकों ने मौके पर समाधान किया। इस अवसर पर डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. शमशेर सिंह, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, दलीप सिंह, रजत कुमार, जगदीश, कुलदीप, सुभाष आदि उपस्थित रहे।



## आदर्श स्कूल में किसान दिवस पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन



■ नुक्कड़ नाटक के बाद, कक्षा के उत्साही छात्रों ने स्कूल के किचन गार्डन का भ्रमण किया

**फतेहाबाद।** आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दरियापुर में आज किसान दिवस के खास मौके पर एक भावपूर्ण नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नाटक का मुख्य उद्देश्य किसानों के प्रति समाज का सम्मान और जागरूकता बढ़ाना था। स्कूल के छात्रों ने मिलकर इस नुक्कड़ नाटक में किसानों की अहम भूमिका, उनके संघर्ष और समाज में उनके अनमोल योगदान को जीवंत तरीके से पेश किया। नाटक में किसानों की दिन-प्रतिदिन की जिंदगी, उनकी चुनौतियां और उनकी जरूरतों को उजागर किया गया, जिससे दर्शकों के दिलों में किसानों के प्रति और भी गहरा सम्मान पैदा हुआ। नुक्कड़ नाटक के बाद, कक्षा दूसरी के उत्साही छात्रों ने स्कूल के किचन गार्डन का भ्रमण किया। यहां उन्होंने सब्जियों की खेती, जैविक खाद के उपयोग और पौधों की देखभाल के बारे में जानकारी हासिल की। इस कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के शिक्षकों और छात्रों के संयुक्त प्रयास से हुआ। स्कूल के प्रिंसिपल ने कहा, यह नाटक और किचन गार्डन भ्रमण सिर्फ एक आयोजन नहीं था, बल्कि समाज में किसानों के महत्व को समझाने और बच्चों को प्रकृति से जोडऩे का एक प्रयास था।



भट्टूकलां। जांडवाला बागड़ की गौशाला में दुकानों का शिलान्यास करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## मृत्यु भोज त्यागकर गोसेवा का संकल्प

# जांडवाला बागड़ में बनी अनुकरणीय मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

समाज में गहराई से जमी कुरीतियों को त्यागकर जब संवेदना सेवा में बदलती है, तब वह पूरे समाज को नई दिशा देती है। ऐसा ही प्रेरणादायी उदाहरण भट्टूकलां खंड के गांव जांडवाला बागड़ में देखने को मिला, जहां मृत्यु भोज जैसी प्रचलित परंपरा को नकारते हुए पितरों की स्मृति में गौसेवा को प्राथमिकता दी गई। गांव की श्री कृष्ण गोवंश गौशाला में दो दुकानों का शिलान्यास कर यह संदेश दिया गया कि श्रद्धांजलि दिखावे से नहीं, बल्कि सेवा से दी जानी चाहिए। इस पहल ने न केवल मृत्यु भोज के बहिष्कार का सशक्त संदेश दिया, बल्कि समाज को फिजूलखर्ची छोडक़र जीव दया की राह अपनाने का आह्वान भी किया। गांव के दो परिवारों ने अपने निजी दुख को समाजहित में बदलते हुए प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। मास्टर निहाल सिंह ने अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय मूर्ति देवी की पुण्य स्मृति में गौशाला को एक दुकान दान की, वहीं फौजी रणधीर सिंह मास्टर ने अपने प्रिय भाई स्वर्गीय युद्धवीर आर्य की याद में दूसरी दुकान गौसेवा के लिए समर्पित की। इन दुकानों से होने वाली आय का उपयोग गौशाला में गायों के चारे, पानी एवं रख-रखाव पर किया जाएगा, जिससे गौशाला को स्थायी आय का साधन मिलेगा।

**शिलान्यास कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

ग्रामीणों ने इस पहल की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि मृत्यु भोज पर हजारों रुपये खर्च करने की बजाय यदि वह राशि गौसेवा या जनकल्याण में लगाई जाए, तो वही दिवंगत आत्मा के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। शिलान्यास कार्यक्रम में गांव के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से बंसीलाल भिगासरा, प्रधान, गौशाला, बलबीर सिहाग उप-प्रधान, बलबीर आर्य पूर्व सरपंच, रिछपाल भादू, सुभाष सिहाग, भूप भादू, शीशपाल भरत सहित अनेक ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई। गौशाला कमेटी ने दोनों परिवारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्य न केवल गौशाला को आत्मनिर्भर बनाएंगे, बल्कि समाज को रूढ़ियों से मुक्त कर सकारात्मक सोच की ओर अग्रसर करेंगे।

**खेलकूद** — चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे

# राज्य स्तरीय अंडर-15 रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए फतेहाबाद की टीम घोषित

चयन प्रक्रिया में फिटनेस, खेल कौशल और अनुशासन को आधार बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल अंडर-15 बॉयज एंड गर्ल्स प्रतियोगिता का आयोजन 24 दिसंबर को हिसार जिले के मंगाली गांव में प्रस्तावित है। इस प्रतियोगिता के लिए फतेहाबाद रग्बी संगठन द्वारा लड़कों व लड़कियों की टीम का चयन कर लिया गया है। चयनित खिलाड़ी हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।फतेहाबाद रग्बी संगठन के प्रधान प्रदीप मांझू व सचिव वीरेंद्र ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों के आधार पर भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन द्वारा अंडर-15 बॉयज एंड गर्ल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 21 जनवरी 2026 तक उड़ीसा में किया जाएगा। जिला रग्बी संघ ने यह निर्णय लिया है कि हरियाणा प्रदेश से मजबूत टीम इस प्रतियोगिता में भाग ले।राज्य टीम का चयन 23 दिसंबर को चंद्रावल एकता क्लब के कबड्डी ग्राउंड में किया गया। चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों की फिटनेस, खेल कौशल और अनुशासन को आधार बनाया गया। कोच प्रहलाद चंद्रावल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में वर्ष 2010 और 2011 में जन्मे खिलाड़ी ही भाग लेने के पात्र हैं। चयनित अंडर-15 गर्ल्स टीम में नंदिनी, कुशल, भारती, वंशिका, कुसुम, संगम, सोनम, कशिश, प्रियंका, नैंसी, सोनू और इशा का चयन किया गया है। वहीं अंडर-15 बॉयज टीम में दीपक, मनीष, आदित्य, सोनू, प्रदीप, अंकित, आशु, समर, अमन, धीरज, अमरजीत और गार्य शामिल हैं।



भूना। भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन द्वारा अंडर-15 बॉयज एंड गर्ल्स की जिला टीम।

**खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी**

इस अवसर पर एकता कबड्डी क्लब चंद्रावल प्रधान रोशनी देवी, कोच जयवीर सिंह, राधेश्याम भूरिया,कोच संदीप झाझडिया, सतपाल बलौदा,कोच रविन्द्र कुमार व अंकित कोच ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह चयन खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का सुनहरा अवसर है।

